न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,नागौर

पीठासीन अधिकारी–पीयुष समारिया, आई.ए.एस.

प्रार्थना पत्र प्रकरण संख्या– 224/2022

जी.सी.एम.एस. पोर्टल नम्बर– 2022/284

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थीगण
आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड जिसका रजिस्टर्ड कार्यालय आई. सी.आई.सी.आई बैंक टॉवर, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, मुम्बई–400051 में स्थित व कार्यरत है, एवं शाखा कार्यालय द्वितीय तल, राजवंश निसान बिल्डिंग के सामने, पटेल स्टेडियम बजरंग पैट्रोल पम्प के पास अजमेर रोड जयपुर–305001 प्राधिकृत अधिकारी श्री अनुज अग्रवाल		1. राजूराम राठी, पता–ग्राम जोडपुरा जिलिया नावां, कुचामनसिटी राजस्थान इण्डिया नागौर–341508 2. श्रीमती सुमन देवी पता– ग्राम जोडपुरा जिलिया नावां, कुचामनसिटी राजस्थान इण्डिया नागौर–341508 **दूसरा पता**–वार्ड नं0 15, जोडपुरा तह. कुचामन सिटी, जिलिया कुचामनसिटी राजस्थान इण्डिया नागौर–341508 **तीसरा पता**–मेडी का बास, पदमपुरा रोड, कुचामन, कुचामनसिटी राजस्थान इण्डिया नागौर–341508 3. सुखा राम पता– वार्ड नं0 15, जोडपुरा तह. कुचामन सिटी, जिलिया कुचामनसिटी राजस्थान इण्डिया नागौर–341508 4. धन्ना राम राठी पुत्र सुख राम राठी, पता–जोडपुरा जिलिया नागौर राजस्थान–341508 5. जगदीश पुत्र सुख राम राठी, पता–जोडपुरा जिलिया नागौर राजस्थान–341508

आदेश **दिनांकः** 13-08-2022

प्रार्थी की ओर से यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत पेश हुआ, जो दर्ज रजिस्टर किया गया।

वकील प्रार्थी को सुना गया। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों में यह कथन किया है कि प्रार्थी बैक ने अप्रार्थी/ ऋणी को जरिये खाता संख्या–NHMAK00001005115 **रूपये 17,00,000/–(अक्षरे सत्रह लाख रूपये मात्र) का तथा** खाता संख्या–NHMAK00001005116 **रूपये 24,45,000/–(अक्षरे चोबीस लाख पैंतालीस हजार रूपये मात्र)** का ऋण उपलब्ध करवाया गया। अप्रार्थीगण/ऋणी द्वारा उक्त प्राप्त ऋण की सुविधा के एवज में **सम्पति –श्री सुखाराम की सम्पत्ति जो की वार्ड नं. 19 मेडी का बास खसरा नं. 2017, 2018, 2019 कुचामन सिटी राजस्थान–341508 पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी सम्पति के अभिन्न अंग है। जिसका क्षेत्रफल 2101.18 वर्ग गज है। चारो दिशाऐ निम्न है– उत्तर में– रोड 30 फीट, दक्षिण में–सुवाराम की सम्पति, पूर्व में–सम्पति श्रीमति मोहनी देवी, धरमराम, बन्ना, बलवीर पश्चिम में–रामदेव मन्दिर, रामनिवास कुमावत का घर है,** जो प्रार्थी बैक के पास ऋण अदायगी हेतु ऋणी एंव जमानतदार ने आवश्यक दस्तावेज निष्पादित किये।

अप्रार्थीगण/ऋणी ने उपलब्ध ऋण का बैक के नियमानुसार भुगतान नही चुकाया। जिसकी वजह से अप्रार्थीगण का उक्त खाता संख्या–NHMAK00001005115 दिनांक 31.10.2020 को एवं खाता संख्या–NHMAK00001005116 को **दिनांक 23.03.2021 को एन.पी.ए.** घोषित कर दिया गया व अप्रार्थीगण/ऋणी के ऋण खाता संख्या–NHMAK00001005115 में **रूपये 17,18,241/–(अक्षरे सत्रह लाख अठारह हजार दो सौ इकतालीस रूपये मात्र) दिनांक 29.04.2021** तक एवं खाता संख्या–NHMAK00001005116 में **रूपये 24,47,738/–(अक्षरे चोबीस लाख सैंतालीस हजार सात सौ अडतीस रूपये मात्र) दिनांक 11.06.2021 तक एवं आगे का ब्याज व खर्चे सहित राशि का भुगतान** बकाया निकलते है।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

उक्त ऋण खातों में ऋणी द्वारा नियमानुसार भुगतान नहीं करने पर एन.पी.ए. घोषित होने के बाद एक्ट की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक ने ऋणी/अप्रार्थीगण को खाता संख्या–NHMAK00001005115 के संबंध में दिनांक 10.05.2021 को एवं खाता संख्या–NHMAK00001005116 के संबंध में दिनांक 15.06.2021 को रजिस्टर्ड नोटिस दिये गये परन्तु नोटिस प्राप्ति के पश्चात भी अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि जमा नहीं करवायी गई व न बंधक शुदा सम्पति सम्पूर्ण कब्जा प्रार्थी बैक को दिया गया। ऋणी को उपरोक्त नोटिस के अनुसार 60 दिन के अन्दर–अन्दर ऋण खाता संख्या–NHMAK00001005115 में **रूपये 17,18,241/–(अक्षरे सत्रह लाख अठारह हजार दो सौ इकतालीस रूपये मात्र) दिनांक 29.04.2021 तक एवं** खाता संख्या–NHMAK00001005116 **में रूपये 24,47,738/–(अक्षरे चोबीस लाख सैंतालीस हजार सात सौ अडतीस रूपये मात्र) दिनांक 11.06.2021 तक एवं आगे का ब्याज व खर्चे सहित राशि का भुगतान** को जमा कराना था परन्तु ऋणी/अप्रार्थीगण ने उपरोक्त नोटिस के अनुसार ऋण राशि जमा नहीं करवाई, के कारण एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत कार्यवाही करना आवश्यक हो गया है।

एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक को बंधक सम्पति का ऋणी एवं जमानतियों से कब्जा लेने में सहायता आवश्यकता है, के कारण प्रार्थी बैक ने जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष बैक सिक्योरिटीज एवं सिक्योरिटीज से संबंधित डोक्यूमेन्ट का ऋणी/जमानती से कब्जा लेकर प्रार्थी बैक को कब्जा दिलवाने के लिये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

बैक सिक्योरिटीज सम्पति का विवरण :– **श्री सुखाराम की सम्पत्ति जो की वार्ड नं. 19 मेडी का बास खसरा नं. 2017, 2018, 2019 कुचामन सिटी राजस्थान–341508 पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी सम्पति के अभिन्न अंग है। जिसका क्षेत्रफल 2101.18 वर्ग गज है। चारो दिशाऐ निम्न है– उत्तर में– रोड 30 फीट, दक्षिण में–सुवाराम की सम्पति, पूर्व में–सम्पति श्रीमति मोहनी देवी, धरमराम, बन्ना, बलवीर पश्चिम में–रामदेव मन्दिर, रामनिवास कुमावत का घर है,** जो प्रार्थी बैक के पास हाईपोथीकेटेड है, का कब्जा लेना है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर प्रार्थना पत्र में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा संबंधित डौक्यूमेन्टस का कब्जा एक्ट की धारा 14 के अनुसार ऋणी/अप्रार्थीगण से प्रार्थी बैक को कब्जा दिलाने का आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि ऋणी/अप्रार्थीगण ने प्रार्थी बैक से जरिये खाता संख्या–NHMAK00001005115 **रूपये 17,00,000/–(अक्षरे सत्रह लाख रूपये मात्र) का तथा** खाता संख्या–NHMAK00001005116 **रूपये 24,45,000/–(अक्षरे चोबीस लाख पैंतालीस हजार रूपये मात्र)** ऋण प्राप्त किया था। उक्त ऋण के बदले में इकरारनामा व उससे संबंधित दस्तावेज तैयार कर अपने हस्ताक्षर से प्रार्थी बैक के पक्ष में निष्पादित किये थे। प्रार्थी बैक द्वारा नियमानुसार ऋण वसूली के लिये आडिनेन्स की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस जारी करना पाया जाता है।

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में उपरोक्तानुसार रहन की गयी सम्पत्ति को प्रार्थी के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। जो इस प्रकार है:– प्रतिभूति आस्थी का कब्जा लेने में प्रतिभूति लेनदार की सहायता करने के लिये मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जहां किसी प्रतिभूति आस्तियों का कब्जा प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिये जाने की आवश्यकता हो, या यदि किन्ही प्रतिभूत आस्तियों का विक्रय या अन्तरण प्रतिभूत लेनदार द्वारा इस अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत किये जाने की आवश्यकता हो, तो प्रतिभूत लेनदार किसी प्रतिभूत आस्ति के कब्जे या नियंत्रण को लेने के प्रयोजन के लिये, लिखित में मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट को उनकी अधिकारिता के भीतर अनुरोध करेगा, ऐसी कोई प्रतिभूत आस्ति या उससे संबंधित अन्य दस्तावेज स्थित हो सकेगा या पाया जा सकेगा,उसका कब्जा लेने के लिये अनुरोध करेगा,और मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जो स्थित हो, उसको किये गये उस अनुरोध पर –(क)उस आस्ति और उससे संबंधित दस्तावेजों का कब्जा लेगा, और (ख) प्रतिभूत लेनदार को उन आस्तियों और दस्तावेजों को भेजेगा।

धारा 14 (2) उप धारा (1) के प्रावधानों के साथ अनुपालना को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिये, मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट उन कदमो को लेगा या लिवा सकेगा या ऐसा बल प्रयुक्त कर सकेगा जो उसकी राय मे आवश्यक हो सकेगा।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

उपरोक्त प्रावधानो को दृष्टीगत रखते हुए इस संबंध मे पुलिस इमदाद उपलब्ध कराने हेतु आदेश पारित किया जाना हम उचित समझते हैं । अतः प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। पुलिस अधीक्षक नागौर को निर्देश दिये जाते है कि अप्रार्थी/ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक के पक्ष मे बतौर प्रतिभूति अपने स्वामित्व मे **सम्पति – श्री सुखाराम की सम्पत्ति जो की वार्ड नं. 19 मेडी का बास खसरा नं. 2017, 2018, 2019 कुचामन सिटी राजस्थान–341508 पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी सम्पति के अभिन्न अंग है। जिसका क्षेत्रफल 2101.18 वर्ग गज है। चारो दिशाऐ निम्न है– उत्तर में– रोड 30 फीट, दक्षिण में–सुवाराम की सम्पति, पूर्व में–सम्पति श्रीमति मोहनी देवी, धरमराम, बन्ना, बलवीर पश्चिम में–रामदेव मन्दिर, रामनिवास कुमावत का घर है, फीट, पि चम में– सावित्री शारदा की सम्पत्ति,** जो प्रार्थी बैक के पास हाईपोथीकेटेड है, को प्रार्थी बैक के हक मे बंधक किया था तथा बंधक विलेख निष्पादित किया था, के संबंध मे संबधित थानाधिकारी, पुलिस थाना को निर्देशित करे कि वे उक्त संपति का कब्जा व उससे संबंधित अन्य कोई दस्तावेज अप्रार्थी के कब्जे मे हो तो उन दस्तावेजो को प्रार्थी को संभलाने हेतु मौके पर जाकर विधि सम्मत कार्यवाही करें।

आदेश सुनाया गया।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर एंव मजिस्ट्रेट
नागौर
जिला मजिस्ट्रेट
नागौर